PendulumEdu



करेंट अफेयर्स

05-11-2019

# करेंट अफेयर्स

**$05^{th}$ November 2019**

www.pendulumedu.com

## करेंट अफेयर्स – 5 नवंबर 2019

### 1. भारत का क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (RCEP) समझौते में शामिल होने से इंकार

- भारत के द्वारा क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (RCEP) समझौते से बाहर रहने का निर्णय लिया गया है।
- भारत ने यह निर्णय कई मुद्दों पर चिंताओं का समाधान ना होने के कारण लिया है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीन दिन की थाईलैंड यात्रा के दौरान क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी की बैठक में हिस्सा लिया था।
- क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी में आसियान के 10 और एशिया प्रशान्त क्षेत्र के 6 देशों यथा– **ऑस्ट्रेलिया, चीन, जापान, भारत, दक्षिण कोरिया और न्यूजीलैण्ड** शामिल हैं। जिनके मध्य एक प्रकार का मुक्त व्यापार समझौता होना था।

### 2. अमेरिका द्वारा पेरिस जलवायु समझौते से बाहर आने की औपचारिक घोषणा

- हाल ही में अमेरिका ने पेरिस जलवायु समझौते से बाहर आने की औपचारिक सूचना संयुक्त राष्ट्र को दे दी है।
- 2015 में हुए पेरिस जलवायु समझौते के द्वारा विश्व के 188 देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक साथ एक मंच पर एकत्र किया गया था।
- पेरिस जलवायु समझौते के अंतर्गत सभी देशों ने वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक ही बढ़ने देने का प्रयास करने के लिए प्रतिबद्धता जतायी थी।
- ज्ञातव्य है कि अमेरिका वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में **15 प्रतिशत** का योगदान करता है।

## 3. आईसडैस और अतिथि दो नई आई टी पहलें

- भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने आईसडैस और अतिथि नाम की दो नई आई टी पहलों की घोषणा की है।
- आईसडैस के द्वारा विभिन्न बंदरगाहों और हवाई अड्डों पर कस्टम क्लीयरेंस की निगरानी और गति दोनों में सुधार संभव हो सकेगा।
- अतिथि नाम की आई टी पहल के द्वारा हवाई अड्डे पर अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों का आगमन अधिक सुगम होगा।

## 4. राफेल नडाल अपने करियार में 8वीं बार पहले पायदान पर

- 33 वर्षीय राफेल नडाल ने 8वीं बार एटीपी रैकिंग में सर्वश्रेष्ठ स्थान हासिल किया है।
- स्पेन के इस स्टार खिलाड़ी ने 2008 में पहली बार एटीपी रैकिंग में सर्वश्रेष्ठ स्थान हासिल किया था।
- पेरिस के खिलाड़ी नोवाक जोकोविक को दूसरा और रोजर फ़ेडरर को इस रैकिंग में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

## 5. चीन के द्वारा अल्झाईमर की दवा की पुष्टी

- चीन के द्वारा देश में निर्मित अल्झाईमर की दवा की पुष्टी की गई है।
- यह पिछले दो दशकों में चीन के द्वारा निर्मित अल्झाईमर की पहली दवा है।
- **जी वी–971** नाम की यह दवा अगले माह से बाजार में बिक्री के लिए लॉन्च कर दी जाएगी।

## 6. संयुक्त राष्ट्र के अनुसार भारत, चीन, जापान और बांग्लादेश जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्र का स्तर बढ़ने के पर सबसे अधिक सुभेद्य

- थाईलैंड में आयोजित आसियान शिखर सम्मेलन के दौरान संयुक्त राष्ट्र महासचिव **एंटोनियो गुतेरस** के द्वारा जलवायु परिवर्तन की ओर विश्व का ध्यान आकृष्ट किया गया है।

- इस अवसर पर उन्होनें कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्र का स्तर बढ़ने का सबसे अधिक प्रभाव दक्षिण एशियाई देशों पर होगा।
- भारत, चीन, जापान और बांग्लादेश जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्र का स्तर बढ़ने के पर सबसे अधिक सुभेद्य है।
- साथ ही थाईलैंड की 10 प्रतिशत आबादी पर समुद्र का स्तर बढ़ने से बाढ़ का खतरा है।

## 7. संयुक्त राष्ट्र अमेरिका और बांग्लादेश का सबसे बड़ा नौसैनिक अभ्यास

- संयुक्त राष्ट्र अमेरिका और बांग्लादेश का सबसे बड़ा नौसैनिक अभ्यास का दूसरा संस्करण का आयोजन **चटगांव**, बांग्लादेश में किया गया है।
- इस नौसैनिक अभ्यास का नाम **'कॉपरेशन अफ्लॉट रेडीनेस एण्ड ट्रेनिंग (CARAT)'**– 2019 है।
- विविध विषयों पर आधारित यह अभ्यास 4 से 7 नवंबर 2019 के मध्य आयोजित किया जाएगा।
- इस अभ्यास का उद्देश्य दोनो देशों की नौसेनाओं के बीच बेहतर तकनीति समझ और परिचालन गतिविधियों का विकास करना है।

## 8. विश्व सूनामी जागरूकता दिवस 2019

- हर साल **5 नवंबर** को विश्व सूनामी जागरूकता दिवस मनाया जाता है।
- इस वर्ष इसका उद्देश्य 'सेंदाई सेवन कैंपेन' के **भाग डी** को अमल में लाना है *जिससे सुनामी जैसी आपदा के कारण होने वाले अवसंरचनात्मक नुकसान को कम किया जा सके और मूलभूत सेवाओं की उपलब्धता को भी जारी रखा जा सके।*
- पहली बार **5 नवंबर 2016** को विश्व सूनामी जागरूकता दिवस मनाया गया था।

## 9. चक्रवाती तूफानः महा

- **अरब सागर** में आये चक्रवाती तूफान महा ने भारत के **पश्चिमी तट** को प्रभावित किया है।
- अगले दो दिनों में इसके गुजरात तट पर पहुँचने के आसार हैं।
- जिस कारण यहाँ पर 100 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलने और भारी वर्ष के आसार हैं।
- ज्ञातव्य है कि इस तूफान का नामकरण **ओमान** के द्वारा किया गया है।

## 10. क्वाड (QUAD) के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक का आयोजन बैंकॉक में

- क्वाड (QUAD) समूह के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक का आयोजन 4 नवंबर 2019 को बैंकॉक में किया गया।
- क्वाड (QUAD) के वरिष्ठ अधिकारियों की पहली मीटिंग का आयोजन 26 सितंबर 2019 को न्यूयॉर्क में किया गया था।
- बैंकॉक में आयोजित इस बैठक का उद्देश्य न्यूयॉर्क मीटिंग में अपनाए गये एजेंडा को आगे बढ़ाना है।
- साथ ही इन देशों के द्वारा एशिया प्रशान्त क्षेत्र में आतंकवाद को खत्म करने के लिए अधिक व्यापक साझेदारी, आर्थिक विकास, समुद्री सुरक्षा और आपदा प्रतिक्रिया आदि को बढ़ाने के लिए भी प्रस्ताव किया गया है।
- ज्ञातव्य है कि क्वाड प्रशान्त महासागरीय क्षेत्र में बढ़ते चीनी वर्चस्व को कम करने के लिए भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया का एक समूह है जिसकी स्थापना नवंबर 2017 में की गई थी।

Read Daily Current Affairs 4 November 2019-Hindi

Read Daily Current Affairs 4 November 2019-English

Attempt Free IBPS CLERK PRELIMS Mock Test

**Banking, SSC, Railways, Defence, GATE, JEE, NEET & other Competitive Exams**

- Latest Exam Pattern
- Daily Current Affairs
- One to One Session
- Detailed Solutions
- Can be Taken on Web & Mobile


